महत्वपूर्ण एवं खास

एक लाख के ईनामी नक्सली कमांडर सहित दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू के तहत आज ग्राम डब्बा पंचायत के एक लाख रुपये के ईनामी मिलिशिया कमांडर गंगाराम उर्फ छोटू मुचाकी पिता स्वर्गीय हांदा उम्र 35 वर्ष एवं ग्राम मुनगा डीएकेएमएस सदस्य पांडू मरकाम पिता स्वर्गीय बुधु मरकाम ने दंतेवाड़ा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण, व राजेंद्र जयसवाल के समक्ष दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 90 इनामी माओवादियों सहित 334 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं। आत्मसमर्पित दोनों नक्सली पुलिस विरोधी विभिन्न नक्सल गतिविधियों में शामिल रहे हैं। जिनमें बैनर पोस्टर पाम्पलेट लगाना तथा विभिन्न जगहों के रोड को काटने की घटना में शामिल रहे थे। डब्बा पंचायत मिलिशिया कमांडर गंगाराम उर्फ छोटू मुचाकी पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित है।

कांकेर विधायक ने किया मुख्यमंत्री सहायता कोष में एक लाख 11 हजार रूपये का दान

कांकेर (आरएनएस)। संसदीय सचिव एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिशुपाल शोरी ने कोविड-19 से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं आवश्यक दवाईयों के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में 01 लाख 11 हजार रूपये का दान किये हैं। उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती विमला शोरी के साथ मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए सहायता राशि का चेक आज कलेक्टर चन्दन कुमार को सौंपा। संसदीय सचिव शोरी ने जिले के नागरिकों से अपील किया है कि कोरोना वायरस से पीड़ित परिवारों के लिए मुक्त हस्त से दान करें। उन्होंने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और समय-समय पर सेनेटाईजेशन करने की अपील भी नागरिकों से किया है।

भालू के हमले में ग्रामीण घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के तारागुड़ा निवासी तुलाराम कश्यप मालगांव के जंगल में अपने पालतू मवेशी ढूंढने गया था, इसी दौरान जंगल में अचानक पीछे से भालू ने हमला कर दिया, जिससे उसकी पीठ पर गंभीर घाव बन गया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस बुलवाकर इलाज हेतु अस्पताल के लिए रवाना किया।

फर्जी आरटीआई कार्यकर्ता बन कर जानकारी हासिल करने वाला पटवारी गिरफ्तार

गरियाबंद (आरएनएस)। सिटी कोतवाली गरियाबंद अन्तर्गत तत्कालीन सहायक भू-अभिलेख अधिकारी हेमनारायण धुर्वा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय गरियाबंद में लिखित शिकायत पेश किया था कि भगवान सिंह ठाकुर जो जिला बालोद में पटवारी के पद पर पदस्थ होते हुए स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय लोक शिकायत निवारण विभाग से संबद्धता होना एवं आरटीआई कार्यकर्ता होना लेख कर फर्जी लेटर पेड के माध्यम से सरकारी विभागों व आम जनता को परेशान करने की शिकायत किया गया था। शिकायत जांच क्रम में प्रधानमंत्री कार्यालय लोक शिकायत निवारण विभाग नई दिल्ली से पत्राचार कर जानकरी प्राप्त करने पर उक्त पटवारी भगवान सिंह ठाकुर के द्वारा स्वयं को फर्जी आरटीआई कार्यकर्ता होना तथा प्रधानमंत्री कार्यालय लोक शिकायत निवारण विभाग से सम्बद्ध नही होना पाया गया जिसके बाद थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में आरोपी भगवान सिंह ठाकुर के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया।

लॉक डाउन में किराना, फल और साग -सब्जियों की दुकानों को दो -दो घंटे की छूट देने अथवा घर पहुंच सेवा दिलाने की मांग

» जिलों में लॉक डाउन की अवधि में भी एकरूपता हो

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्य मंत्री भूपेश बघेल से लॉक डाउन के दौरान आम जनता को सब्जी -भाजी ,फल और दाल ,चावल ,नमक ,शक्कर ,चाय पत्ती , आलू ,प्याज ,लहसुन , अदरक , बिस्किट ,डबल रोटी साबुन और खाद्य तेल जैसी रोज काम आने वाली आवश्यक घरेलू वस्तुओं की हर लॉक डाउन वाले जिले में घर -पहुँच सेवा दिलाने अथवा इन वस्तुओं की दुकानों को प्रतिदिन सुबह -शाम कम से कम दो -दो घंटे खोलने की छूट देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि महँगाई रोकने के लिए इन वस्तुओं का मूल्य नियंत्रण भी छत्तीसगढ़ सरकार स्वयं करे और जनता को उचित मूल्य पर खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करवाए। इसके साथ ही काढ़ा बनाने की कच्ची सामग्री की आपूर्ति भी की जाए।

नामदेव ने कहा कि एक ओर तो डॉक्टर लोग कोरोना संकट के इस दौर में लोगों को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए ताजी हरी सब्जियां और फल आदि खाने की सलाह दे रहे हैं ,वहीं दूसरी तरफ इन पौष्टिक वस्तुओं की दुकानें बंद रखी जा रही हैं। नामदेव ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया है कि लॉक डाउन की वजह से जिन हजारों ग़रीब दिहाड़ी मज़दूरों की रोजी रोटी का जुगाड़ बंद हो गया है उन्हें भी इस अवधि में शासन -प्रशासन की ओर से राहत पहुंचाने की आवश्यक व्यवस्था की जाए।

नामदेव ने आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में कोरोना के इस दौर में अलग -अलग जिलों में अलग -अलग अवधि के लॉक डाउन पर आश्चर्य प्रकट किया है । उन्होंने कहा कि अगर लॉक डाउन से कोरोना संक्रमण का फैलाव रुक सकता है तो लॉक डाउन जरूर लगाना चाहिए ,लेकिन इसकी अवधि में एकरूपता होनी चाहिए।

नामदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दुर्ग ने सबसे पहले 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तथा उसके बाद राजधानी रायपुर में 9 अप्रैल से 19 अप्रैल,महासमुंद में 14 अप्रैल से 22 अप्रैल ,राजनांदगांव में10 अप्रैल से 19 अप्रैल , धमतरी में 11 अप्रैल से 26 अप्रैल सरगुजा में 13 अप्रैल से 23 अप्रैल और बिलासपुर में 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक लॉक डाउन घोषित किया गया है। इन्हें मिलाकर प्रदेश के 28 जिलों मे से आधे अर्थात 14 जिलों में अलग -अलग अवधि के लिए लॉक डाउन कलेक्टरों ने लगा दिया है। इससे एक जिले से किसी अत्यंत जरूरी काम के लिए आने -जाने में लोगों के सामने असमंजस की स्थिति निर्मित हो जाती है। नामदेव ने कहा कि कोरोना संकट तो पूरे देश और पूरे छत्तीसगढ़ में है। इसलिए अगर छत्तीसगढ़ में लॉक डाउन लगाना जरूरी हो तो एक समान और एक निश्चित अवधि के लिए जिलों के स्तर के बजाय प्रदेश व्यापी लॉक डाउन एक साथ किया जाना चाहिए ,लेकिन इसके साथ ही लॉक डाउन में आम जनता की जरुरतों का ख्याल रखना भी जरूरी है। पिछले साल भी लम्बा लॉक डाउन कोरोना के चलते जनता ने भोगा है, कहा जाता है कि पिछले साल मार्च के आखिरी सप्ताह में लॉक डाउन केन्द्र सरकार ने अचानक लॉक डाउन लगा दिया था ,जिससे जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। नामदेव ने कहा कि कोरोना संक्रमण के दूसरे दौर में केन्द्र सरकार ने लॉक डाउन लगाने का मामला पूरी तरह से राज्य सरकार पर और राज्य सरकार ने जिला कलेक्टर पर छोड़ दिया।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मंत्री डहरिया ने विधायक निधि से 50 लाख देने की घोषणा की

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी से रोकथाम के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र आरंग के लिए विधायक निधि से 50 लाख रुपए देने की घोषणा की है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर एस भारतीदासन से चर्चा कर विधायक निधि की राशि का इस्तेमाल आरंग क्षेत्र में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री डॉ डहरिया की इस पहल से रायपुर जिला अंतर्गत आरंग विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार सहित कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा है कि आरंग में करोड़ों रुपए के विकास कार्य स्वीकृत है और बहुत से कार्य कराए जा चुके हैं। अब जबकि कोरोना संक्रमण का दौर है ऐसे में उनका दायित्व बनता है कि अपने क्षेत्र के लोगों के हित में बड़ा कदम उठाए। मंत्री डॉ.डहरिया ने कहा है कि विधायक निधि का उपयोग कोरोना संक्रमण को रोकने में प्रभावी होगा। उन्होंने आरंग के लोगों को कोरोना से बचने सावधानी बरतने और फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने, हमेशा मास्क पहनने और टीका लगवाने की अपील भी की है। गौरतलब है कि मंत्री डॉ डहरिया ने

अपना एक माह का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने की घोषणा भी की है। साथ ही उन्होंने आग्रह किया है कि जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं और यथासम्भव मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहयोग राशि जमा करके अपना योगदान दें।

भिलाई क्षेत्र में 13 दिनों में 89971 लोग लगवा चुके है टीके

भिलाईनगर (आरएनएस)। कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है, कोविड का टीका लगाने लोग अपने क्षेत्र के नजदीकी केन्द्रों में पहुंच रहे है। अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाने पूरा निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला लगा हुआ है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है, पिछले 13 दिनों में अभियान चलाकर 89971 लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। निगम के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में

भिलाई में विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां लोग स्वस्फूर्त टीका लगाकर संक्रमण की रोकथाम में अपनी सहभागिता दे रहे है। निगम क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों का जोन आयुक्त लगातार निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को बनाए रखने आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। कोविड प्रोटोकॉल 45 वर्ष एवं अधिक उम्र के व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा रहा है। जितना अधिक टीकाकरण होगा उतना ही जल्दी कोरोना के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। विशेष अभियान के तहत 31 मार्च से शुरू हुए टीकाकरण के लिए अब तक कई सारे केन्द्र बनाए जा चुके है, जहां महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुरक्षित तरीके से टीका लगा रही है। टीकाकरण केन्द्रों में निगम क्षेत्र के पूरे 70 वार्डो के नागरिक पहुंच रहे है और बेझिझक टीका लगवाकर अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। निगम का अमला टीकाकरण की पूरी प्रक्रिया में अपना सहयोग कर रहे है ताकि टीका लगवाने आए लोगों को बिना कोई देरी किए शीघ्रता से टीका लग जाए। सभी टीकाकरण केन्द्रों का कंट्रोल रूम से निगम आयुक्त लगातार मॉनिटरिंग करते हुए फीडबैक ले रहे है ताकि केन्द्रों में कोई परेशानी न आए और टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे। लॉकडाउन के बावजूद प्रशासनिक अमला टीकाकरण केंद्रों में जुटे हुए है, ताकि लोगों को टीका लगाया जा सके।

गृह मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की बिलासपुर जिले में कोविड संक्रमण और बचाव व उपचार की अद्यतन स्थिति की समीक्षा

» लॉकडाउन, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। गृह मंत्री और बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिलासपुर जिले में कोरोना 19 संक्रमण और बचाव व उपचार की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में करोना मरीज के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विकासखंड स्तर पर कोविड देखभाल केंद्र की स्थापना की जाए। यहां ऐसे मरीज रहेंगे,

जिन्हें कोई लक्षण नहीं है लेकिन वह पॉजिटिव है। उन्होंने लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने तथा बिना मास्क के घूमने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मंत्री साहू ने कहा कि पात्रतानुसार लोगों के कोरोना टीकाकरण में तेजी लाएं और व्यापक पैमाने पर कोरोना टेस्टिंग की जाए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कोरोना जांच करने एवं पॉजिटिव लोगों का शासन के दिशा निर्देशानुसार उपचार करने, होम आईसोलेशन, क्वारेंटाइन में रखने के निर्देश दिए। आक्सीजन, बेड, आईसीयू, एवं वेंटिलेटर की संख्या बढ़ाने के साथ ही चिकित्सक एवं दक्ष स्टॉफ की संख्या भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

गृह मंत्री साहू ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्थापित कंट्रोल रूम को सुचारु रूप से संचालित करें। सोशल मीडिया में भ्रमित करने वाले संदेशों की सतत मॉनिटरिंग करें। होम आइसोलेशन में रह रहें लोगों से फोन पर बातचीत करते रहें तथा उन्हें दवाइयों की डिलीवरी नियमति तौर पर हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

हाथियों का झुण्ड पहुंचा परला, ग्रामीणों के मकान और सब्जी फसलों को पहुंचाया नुकसान

कोरबा (आरएनएस)। जिले के वनमंडल कटघोरा के केंदई व पसान रेंज में 40 हाथी अलग-अलग झुंडों में घूम रहे इन हाथियों में से 17 हाथियों के दल ने बीती रात केंदई रेंज के कोरबी सर्किल के ग्राम परला में पहुंचकर भारी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने ग्रामीणों के बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे सब्जी एवं अन्य पौधों को तहस नहस कर दिया। इतना ही नहीं हाथियों ने बस्ती में पहुंचकर तीन ग्रामीणों के मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी सूचना वन विभाग को दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह गांव पहुंचा और हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन किया।

जानकारी के अनुसार दल में शामिल एक दंतैल झुंड से अलग हो गया और वह केंदई रेंज अंतर्गत कोरबी सर्किल के नवापारा में पहुंच गया। इस दंतैल ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। फिर भी ऐहतियात के तौर वन विभाग ने इसकी निगरानी शुरू कर दी है। कोरबी सर्किल के ग्राम कोरबी में 15 हाथी विचरणरत है। ये हाथी फिलहाल जंगल ही जंगल घूम रहे है। जिसकी वजह से कोई नुकसान नहीं हुआ है। कोरबी सर्किल में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी ने ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग की परेशानी बढ़ा दी है। यहां का जंगल हाथियों की चिंघाड़ से गूंज रहा है।

सभी ग्राम पंचायतों में क्वारेंटाइन सेंटर की व्यवस्था की जाएगी

» कलेक्टर ने ली वर्चुअल बैठक

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डां भारतीदासन ने आज जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर कोरोना के नियंत्रण एवं रोकथाम की जानकारी ली ।

कलेक्टर ने जिले के सभी जनपद जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सभी ग्राम पंचायतों में शीध्र कोरेनटाइन सेंटर की व्यवस्था करने को कहा।

कलेक्टर ने कहा कि कोरोना के पहले लहर में रायपुर जिले में बाहर से आने वाले श्रमिकों तथा नागरिकों के लिए कोरेनटाइन सेंटर की अच्छी व्यवस्था की गई थी । उन्होंने इस बार भी जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के अधिकारियों - कर्मचारियों को ऐसे लोगों के आश्रय, भोजन, पानी तथा अन्य व्यवस्थाओं की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कोरेनटाइन सेंटरों की व्यवस्थाओं का व्यक्तिगत रूप से अवलोकन करने को कहा।

कलेक्टर ने एक्टिव सर्विलांस दलों के माध्यम से किए जा रहे सर्वेक्षण तथा जनजागरूकता संबंधी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए नोडल अधिकारी ,जोन कमिश्नर और इंसिडेंट कमांडरों को सर्विलेंस का कार्य पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए । उन्होंने एक्टिव सर्विलांस दल में उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा ।

जिला शिक्षा अधिकारी बंजारा ने बताया कि ऐसे अनुपस्थिति 34 अधिकारियों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है ।कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसी अधिकारी - कर्मचारी या उसके परिवार के सदस्य को कोरोना होने की स्थिति में उनसे कोविड- पाज़िटिव होने का प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की कॉपी ली जाए तथा उनके बदले में दूसरे अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए।

कलेक्टर में रायपुर जिले में कोरोना वैक्सीनेशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा । उन्होंने कहा अगर किसी वैक्सीनेशन सेंटर में वैक्सीन की कमी होती है ,उसकी तत्काल व्यवस्था चीफ मेडिकल अधिकारी के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने शत प्रतिशत पात्र नागरिकों को 20 अप्रेल तक टीका लगवाने को कहा। वर्चुअल बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों क्रमशः सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथ्य में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री ने किया इंडोर स्टेडियम में बने ऑक्सीजन युक्त अस्थाई कोविड अस्पताल का वर्चुअल निरीक्षण

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में बनाए गए ऑक्सीजन युक्त 360 बिस्तरों के साथ सर्व सुविधायुक्त अस्थाई कोविड अस्पताल का वर्चुअल निरीक्षण किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और महापौर एजाज ढेबर भी उनके साथ थे, जिन्होंने कोविड मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सहायता सुलभ कराने इस इंडोर स्टेडियम में बने अस्थाई अस्पताल में उपलब्ध सभी सुविधाओं की उन्हें विस्तार से जानकारी दी। इस अस्पताल को केवल 04 दिन में तैयार कर नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने जरूरी

सेवाओं के साथ ही मरीजों के मनोरंजन व घर से संपर्क तक की संपूर्ण व्यवस्था की हैं। इस कोविड अस्पताल का संचालन जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व उनकी टीम द्वारा किया जाएगा, जो आवश्यकता अनुरूप अस्पताल में मरीजों की भर्ती सुनिश्चित करेंगे। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रायपुर में कम समय में उत्कृष्ट चिकित्सा सहायता के लिए मुख्यमंत्री बघेल ने इस कार्य में लगे पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की है।

मुख्यमंत्री बघेल अपने आवास से वर्चुअल निरीक्षण कर इंडोर स्टेडियम में बने इस अस्थाई कोविड अस्पताल की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में उपस्थित नगर निगम कमिश्नर सौरभ कुमार ने कैमरे के जरिए अस्थाई कोविड अस्पताल हेतु की गई सभी व्यवस्थाओं से उन्हें अवगत कराते हुए बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ऑक्सीजन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्टेडियम में ही ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया है। इस अस्थाई कोविड अस्पताल में ऑक्सीजन युक्त 286 बिस्तर तैयार किए गए है, इसके अलावा 74 आइसोलेशन बेड भी यहां उपलब्ध है। इनमें 219 बेड पर ऑक्सीजन कंसनट्रेटर लगाए गए है, जिसमें ऑक्सीजन के साथ ही साथ नेबुलाइजेशन की सुविधा होगी, जिसके लिए स्थानीय, समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं दानदाताओं ने भी अपना सहयोग दिया है।

वर्चुअल निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि इस अस्थाई कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों के रूचि के अनुरूप प्रेरक फिल्मों, सामाचार, टी.वी. सीरियल के प्रसारण के लिए केबल नेटवर्क के जरिए टी.वी. कार्यक्रम देखने व कैरम व अन्य इंडोर गेम की व्यवस्था की गई हैं।